॥ ओ३म् ॥

प्रभु से विनय

प्रभु! आपसे सुन्दर कौन हो सकता है? आपसे उत्तम वैज्ञानिक कौन हो सकता है जिसने इस जगत् को रचाया, जिसने इतने बड़े ब्रह्माण्ड का सर्वत्र जीवन मानव शरीर को बना दिया। पिण्ड को ब्रह्माण्ड बना दिया। कैसी सुन्दर विवेचना है, कैसी सुन्दर रचना है आपकी। मैं तो इसको किसी काल में भी नहीं जान पाता। मैं तो यही नहीं जान पाता कि प्रभु! मेरे एक क्षण समय में कितनी तरङ्गें उत्पन्न होती हैं, श्रोत्रों में कितने शब्दों की उद्बाधता होती है, भगवन्! मैं तो ससार में कुछ नहीं जानता। मुझे तो भगवन्! एक ऐसा मार्ग दीजिए जिससे इस संसार में मेरे द्वारा विडम्बना न आ पाये क्योंकि संसार में नाना प्रकार की सुन्दरियों पर जब मेरी प्रवृत्तियाँ चलती हैं तो क्या वह सुन्दरियाँ मेरे लिए सुन्दर बन सकती हैं? किसी काल में सुन्दर बन सकती हैं। मेरे अन्तःकरण में यह संस्कार जमते चले जाएँगे। वह जो आपने चित्त नाम का क्षेत्र बनाया है क्या उसमें भगवन्! मैं यह बीज बोता ही रहूँगा? यह मैं नहीं बोना चाहता। मैं तो यह चाहता हूँ कि यह जो बीज अङ्कुर मेरे द्वारा उत्पन्न होते रहते हैं प्रभु! इसका स्त्रोत ही नष्ट हो जाए और यह स्त्रोत उस काल में नष्ट होगा जब प्रभु! मैं आपको सर्वस्त्र में दृष्टिपात करूँगा और मौन हो जाऊँगा कि संसार में कुछ है ही नहीं। प्रभु! मैं तो उस काल में उत्तम बन सकता हूँ, उससे द्वितीय मेरे लिए कोई मार्ग है ही नहीं।

पूज्यपाद-गुरुदेव

अंक : 578 कुल पृष्ठ संख्या समग्र अंक : 653
वर्ष : 49 44 समग्र वर्ष : 55

अनुक्रम

क्रम संख्या	विषय	पृष्ठ संख्या
1. प्रभु से विनय	पूज्यपाद-गुरुदेव	3
2. अनुक्रम		4
3. भगवान् राम का अनुष्ठान	पूज्यपाद-गुरुदेव	5-20
4. याग की प्रतिभा	पूज्यपाद-गुरुदेव	21-36
5. ऋषियों के उद्‌गार		37
6. दान, पुस्तकों की सूची व पुस्तक प्राप्ति के स्थान तथा सूचना इत्यादि		38-42

चतुर्वेद ब्रह्म पारायण महायाग

परमपिता परमात्मा की असीम अनुकम्पा से एवम् पूज्यपाद गुरुदेव ब्रह्मर्षि कृष्णदत्त जी महाराज (पूर्व शृङ्गी ऋषि जी) के शुभ आशीर्वाद से प्रति वर्ष की भाँति इस वर्ष भी चतुर्वेद ब्रह्म पारायण महायाग का आयोजन लाक्षागृह बरनावा में श्री महानन्द संस्कृत महाविद्यालय के प्रांगण में दिनाँक 14 मार्च, 2021 से 21 मार्च, 2021 तक बड़े हर्ष एवम् उल्लास के साथ आयोजित किया जा रहा है जिसमें आप सब अपने सम्बन्धियों व मित्रों सहित सादर आमन्त्रित हैं।

श्री गाँधी धाम समिति (पञ्जी.)

आप सभी को होली-मिलन की हार्दिक शुभकामनाएँ।

॥ ओ३म् ॥

भगवान् राम का अनुष्ठान

जीते रहो!

देखो मुनिवरो! आज हम तुम्हारे समक्ष पूर्व की भाँति कुछ मनोहर वेद मन्त्रों का गुणगान गाते चले जा रहे थे। ये भी तुम्हें प्रतीत हो गया होगा, आज हमने पूर्व से जिन वेद मन्त्रों का पठन-पाठन किया। हमारे यहाँ परम्परागतों से ही उस मनोहर वेद वाणी का प्रसारण होता रहता है जिस पवित्र वेद वाणी में उस परमपिता परमात्मा की महिमा का गुणगान गाया जाता है। क्योंकि वे परमपिता परमात्मा अनन्तमयी माने गए हैं। और जितना भी उसका ये जड़-जगत अथवा चेतन्य-जगत हमें दृष्टिपात आ रहा है उस सर्वत्र ब्रह्माण्ड के मूल में प्रायः वे परमपिता परमात्मा अनन्तमयी माने गए हैं। वे अनन्तवान् हैं और वे विज्ञानवेत्ता हैं। क्योंकि सृष्टि के प्रारम्भ से लेकर करके वर्तमान के काल तक जितना भी ज्ञान और विज्ञान है वह प्रायः मानवीय मस्तिष्कों में सदैव नृत करता रहा है। परन्तु सृष्टि के प्रारम्भ से ले करके वर्तमान के काल तक कोई विज्ञानवेत्ता ऐसा नहीं हुआ जो उस परमपिता परमात्मा के ज्ञान और विज्ञान को सीमाबद्ध कर सके। क्योंकि वे सीमा में आने वाले नहीं हैं, वे सीमा से रहित हैं। इसीलिए हम उस परमपिता परमात्मा के ज्ञान और विज्ञान के ऊपर प्रायः हम विवेचना करते रहे हैं। और ये विचार-विनिमय होता रहा है कि परमपिता परमात्मा का ये जो ज्ञान है ये अनूठा है और ये विचित्रत्त्व माना गया है। क्योंकि एक-एक परमाणुवाद के ऊपर मानव अपने में जीवन को हुत कर देता है और विचारता रहता है कि परमपिता परमात्मा का विज्ञान कितना अनन्तमयी है।

ऋषि-मुनियों का चिन्तन

मुझे बेटा! बहुत-सा काल स्मरण आता रहता है। जहाँ ऋषि-मुनि

अपनी स्थलियों में विद्यमान हो करके और भिन्न-भिन्न प्रकार की आभा में रत्त रहे हैं। कहीं मानव देखो, राष्ट्र के ऊपर विचारने लगता है। कोई मानव मानो विज्ञान की तरङ्गों के ऊपर मानो तरङ्गित होने लगता है और ये विचारने लगता है कि हमारा मानवीयत्त्व तरङ्गित, प्रायः उसके ऊपर विचार-विनिमय होना चाहिए। मुझे बेटा! वो काल स्मरण आता रहता है, जिस काल में मुनिवरो! देखो, ऋषि-मुनि अपनी स्थलियों पर विद्यमान हो करके और अपने में विचार-विनिमय करते रहे हैं। एक यज्ञशाला के सम्बन्ध में बहुत कुछ चिन्तन किया जाता है। परन्तु एक-एक परमाणु के ऊपर जब अन्वेषण होता रहता है तो वह परमाणुवाद मानो इतना अनूठा है क्या एक परमाणु में बेटा! देखो ब्रह्माण्ड को दृष्टिपात करने लगता है। आज मैं बेटा! तुम्हें विज्ञान में ले जाना नहीं चाहता हूँ। आज का हमारा विचार, हमारा वेद मन्त्र क्या कह रहा है। वेद मन्त्र तो बहुत-सी वार्त्ताएँ प्रगट कर रहा है। परन्तु केवल आज हम तुम्हें एक वाक्य उद्गीत रूप में गाना चाहते हैं जिसके ऊपर हमारे यहाँ ऋषि-मुनि अपनी स्थलियों पर विद्यमान हो करके विचारते रहे हैं। मुझे स्मरण आता रहता है कि हमारे यहाँ बेटा! देखो, ऋषि-मुनि उस परमपिता परमात्मा के वेद मन्त्र के ऊपर अन्वेषण करते रहे हैं। और एक-एक वेद मन्त्र में बेटा! सर्वत्र ज्ञान और विज्ञान को दृष्टिपात करते रहे हैं।

याग

आओ, मुनिवरो! देखो, आज मैं तुम्हें उस क्षेत्र में न ले जाता हुआ केवल ये कि आज का हमारा वेद मन्त्र क्या कह रहा है। वेद मन्त्र कहता है **"यश्स्वत् प्रमाणम् ब्रव्हे क्रत्यम् ब्रव्हा, सम्भव लोकाः याज्ञाम् भवितम् ब्रह्मणेः यज्ञश्स्वतम् ब्रह्माः"।** बेटा! हमारे यहाँ याग के ऊपर बड़ा अन्वेषण होता रहा है और याग के ऊपर ऋषि-मुनियों ने बड़ा अनुसन्धान और अन्वेषण किया है। सृष्टि के प्रारम्भ में ही नाना ऋषि-मुनि अपनी स्थलियों पर विद्यमान हो करके और उन्होंने याग को बेटा! देखो, इस पृथ्वी की नाभि कहा है। जब आगे विचारने लगे तो इस याग को

मुनिवरो! देखो, इस ब्रह्माण्ड की नाभि कहा है। नाभि का अभिप्रायः यह केन्द्र है। अपने में केन्द्रित होता रहता है। जैसे माता के इस शरीर में एक नाभि है और नाभि से नाना प्रकार के रसों का रस्वादन होता रहता है। तो बेटा! वह माता नाभ्याम् बनी रहती है। इसी प्रकार इस संसार की, इस ब्रह्माण्ड की जो नाभि है वो याग कहा गया है। इससे पूर्व काल में हमने तुम्हें प्रगट कराते हुए कहा था **''यागाम् भवितम् ब्रह्मणाः लोकाम्।''**

भगवान् राम की अभिलाषा

आओ, मेरे प्यारे! आज मैं तुम्हें ऐसे क्षेत्र में ले जाना चाहता हूँ, जहाँ ऋषि और ऋषि-पत्नी अपने में विचार-विनिमय करते रहे हैं। मेरे पुत्रो! देखो, उन विचारों को ले करके हम अपने विचार व्यक्त कर रहे हैं। मुझे स्मरण आ रहा है जब भगवान् राम बेटा! लङ्का को विजय करने के पश्चात् अपनी अयोध्या में विराजमान हुए तो महाराज भरत ने कहा, हे प्रभु! इस राष्ट्र को भोगिए। राम ने कहा कि मैं इस राष्ट्र को भोगने सुयोग्य नहीं हूँ और मैं अभी राष्ट्र का पालन नहीं कर सकूँगा। मेरे पुत्रो! देखो, दोनों वर्णस्तुतेः दोनों अपने में बड़े पूर्णता में गमन करते रहते थे। ऋषि-मुनियों की सभा एकत्रित हुई और उस सभा में मुनिवरो! देखो, भगवान् राम ने ये कहा, ऋषि-मुनियों के मध्य में, क्या मैं अयोध्या में राष्ट्र का भोगी जब बन सकता हूँ जबकि मैं बारह वर्ष का तप कर लूँगा, क्योंकि बारह वर्ष का तप बहुत अनिवार्य है। क्योंकि मैंने लङ्का को विजय किया है और उस विजय करने में मानो देखो, मुझे रजोगुण और तमोगुण छाया हुआ है। मेरे अन्तर्हृदय में रजोगुण छाया हुआ है, तमोगुण भी। यदि मैं तप नहीं करूँगा तो मुझे अभिमान की मात्रा बलवती हो जाएगी। और वह रजोगुण, तमोगुण मेरे अन्तर्हृदय में मानो छायमान हो जाएगा और मेरा जीवन अक्रिया देखो, निष्क्रिय बन जाएगा।

ऋषि-मुनियों से अनुमति

महात्मा वसिष्ठ मुनि महाराज उनके राजपुरोहित थे, और ब्रह्मवेत्ता भी थे। तपस्या के महत्त्व को भी जानते थे। मेरे पुत्रो! देखो, उन्होंने

ऋषि-मुनियों से कहा, कहो ऋषिवर! तुम सभी का क्या विचार है। क्योंकि राष्ट्रीय प्रणाली होकर रहती है और ये जो राष्ट्रीय प्रणाली का जो निर्वाचन होता है वो बुद्धिमानों के द्वारा और ब्रह्मवेत्ताओं के द्वारा होता रहा है। आप भगवन् निर्णय कराइए क्या करना है। मेरे प्यारे! देखो, महर्षि विश्वामित्र ने ये कहा, क्या मेरे विचार में तो ये है कि इनका जो वाक्य है वो यथार्थ है। तप करना चाहिए। महर्षि प्रह्लाण जी ने ये कहा कि राष्ट्र का पालन करना चाहिए। मेरे प्यारे! महात्मा वसिष्ठ ने कहा कि क्यों करना चाहिए। उन्होंने कहा, राष्ट्र अनाथ है और इसका पालन होना बहुत अनिवार्य है। मेरे प्यारे! उन्होंने कहा, क्या राजा को तप नहीं करना चाहिए। प्रह्लाण जी ने कहा, करना चाहिए। तो जब तप नहीं होगा तो राष्ट्र कैसे चल पाएगा। उन्होंने कहा कि **"राष्ट्रम् ब्रह्मे क्रतम्"** वेद का वाक्य ये कहता है कि राष्ट्र को सञ्चालन करने के पश्चात् भी राजा अपने राष्ट्र का पालन करता हुआ भी मानो तपस्या में लीन रह सकता है। उन्होंने कहा, कदापि नहीं। जब तक अन्तःकरण में मानो देखो, मन की प्रवृत्ति और मन में इन्द्रियों की प्रवृत्ति जब तक समावेश नहीं हो जातीं तब तक मानव का तप मानो देखो, अधूरेपन में परणित रहता है। मुनिवरो! देखो, ये वाक्य जब महर्षि वसिष्ठ ने कहा तो महर्षि प्रह्लाण बेटा! मौन हो गए। तो उन्होंने कहा, प्रभु तप करने जाइए।

मेरे पुत्रो! देखो, महाराजा शिव से ये प्रश्न किया गया, क्या हे भगवन्! आप एक राजा हैं, आप निर्णय कराइए कि राम को क्या करना चाहिए। उन्होंने कहा, इन्हें तप करना चाहिए क्योंकि बिना तप के राष्ट्र ऊँचा नहीं बनता। प्रजा में महानता नहीं आ सकेगी। तो मेरे प्यारे! देखो, महात्मा भरत ने कहा, तो राष्ट्र का क्या बनेगा भगवन्! मैं भी ये चाहता हूँ कि तपस्या करने चला जाऊँ। महर्षि वसिष्ठ मुनि बोले कि हे भरत! तुम अपने राष्ट्र का पालन करो। तुम तो स्वतः तपस्वी हो और तुम्हारा वेद का जो वाक्य है कि इदन्नमम्, कि ये मेरा नहीं है। ये जो तुम्हारी भावना है यही तो तुम्हारा तप है। परन्तु तुम्हें स्वाभिमान ही है इसका और जब इदन्नमम् का तुमने पठन-पाठन किया है तो इसमें तुम अपने हुत में मानो देखो, स्थिर

रहो। महात्मा भरत ने वो वाक्य स्वीकार कर लिए। और राम को कहा, जाओ तुम वन में चले जाओ।

माता अरुन्धती और महात्मा वसिष्ठ मुनि का उपदेश

मेरे प्यारे! वह भयङ्कर वन को उन्होंने गमन किया। सीता देवी से कहा कि तुम गृह में तपस्वी बन करके रहो। क्योंकि तप करना बहुत अनिवार्य है। मेरे प्यारे! देखो, राम भयङ्कर वन में चले गए। और वनों में जा करके, उन्होंने गायत्री छन्दों को ले करके याग प्रारम्भ किया। और वो याग मानो देखो, आध्यात्मिक याग में परणित हो गए और परणित हो जाने के पश्चात् बेटा! देखो, माता अरुन्धती और वसिष्ठ मुनि महाराज, जब दोनों राम के समीप पहुँचे तो राम ने चरणों की वन्दना की और माता से कहा, हे माता! मुझे कोई उपदेश दीजिए, क्योंकि मैं तपस्या में परणित हूँ। तपस्या को मैं वास्तव में इतना नहीं जानता, जितना तुम्हारा उपदेश मेरे ही **''घोघाम् भव प्रव्हा वृत्ति देवत्वाम्''** जो मेरे में ही मानो समाहित हो जाए। मेरे प्यारे! देखो, माता अरुन्धती ने कहा, हे राम! मेरे विचार तो ये कहता रहता है क्या तुम इतने महान् तपस्वी हो कि तुम्हें ब्रह्मणेः ब्रह्म में तुम सदैव लीन रहते हो।

मेरे प्यारे! देखो, महात्मा वसिष्ठ मुनि महाराज ने अपनी देवी से कहा, हे देवी! मैं यह नहीं चाहता हूँ जो तुम उद्गीत गा रही हो। ये प्रसन्नता नहीं चाहते हैं। इसके हृदय की ऐसी विचित्र धारा, वो ये चाहते हैं कि मेरा जीवन महान् तपों में परणित हो करके मैं अपने राष्ट्र, समाज को उन्नत बनाता रहूँ। और ये मानो लोक-लोकान्तरों की यात्रा में, मैं सफल हो जाऊँ। उन्होंने कहा हे राम! **''अमृताम् दिव्यम् ब्रह्मः''** तुम अमृत का पान करते रहो और **अमृत कहते हैं नम्रता को।** जितना भी मानव के अन्तर्हृदय में नम्रता का वास हो जाता है और नम्रता में ज्ञान की प्रतिष्ठा हो जाती है उतना ही मानो देखो, मानव का अन्तःकरण पवित्र बनता चला जाता है। क्योंकि तुम्हें अपने अन्तःकरण को जानना है और अन्तःकरण को जो जान लेता है वही

महान् बन जाता है। महात्मा वसिष्ठ ने कहा, क्या तुम्हें, तुमने दृष्टिपात किया होगा अङ्गिरस गोत्र में एक ऋषि हुए हैं जिनका नाम वृत्तिका मुनि कहलाता था। और वृत्तिका मुनि ने ये विचार एक समय, वेदों का अध्ययन करते-करते क्या मैं अपने अन्तःकरण की वृत्तियों को जानना चाहता हूँ। और मैं अपने अन्तःकरण में ये जानना ये चाहता हूँ कि मेरे, मैं कितने जन्मों के संस्कार मेरे अन्तःकरण में विद्यमान हैं। क्योंकि **अन्तःकरण ही मानो चित्त कहलाता है** जैसे पृथ्वी के गर्भ में नाना प्रकार के अङ्कुर विद्यमान होते हैं परन्तु वो बीज रूप में रहते हैं। जब देखो उनका समय आता है तभी उपज जाते हैं, उनके वह अङ्कुरित हो जाते हैं। इसी प्रकार मानव के अन्तःकरण में भी मानो ये चित्त नाम का स्थान है इसमें जन्म-जन्मान्तरों के संस्कार विद्यमान होते हैं। तो हे भगवन्! ब्रह्मणेः, हे राम! तुम उस अन्तःकरण को जागरूक बनाने का प्रयास करो।

अङ्गिरस गोत्र में जो **वृत्तिका मुनि** थे वह वृत्तिका अङ्गिरस कहलाते थे। परन्तु जब वे तपस्या करने लगे आचार्य से ये आज्ञा ली कि मैं मौन रहना चाहता हूँ और मौन रह करके आत्म-चिन्तन करना चाहता हूँ। गुरुदेव ने आज्ञा देई और वृत्तिका मुनि महाराज मौन हो गए और मौन हो करके उन्होंने वायु का सेवन किया। वायु का छः माह तक सेवन किया, छः माह तक जल का सेवन किया। वह तपस्या में परणित होकर मिथ्या नहीं उच्चारण किया। वह मौन रहते थे तो मुनिवरो! देखो, मुझे कुछ ऐसा स्मरण आ रहा है क्या उन्होंने मुनिवरो! देखो, पिचासी मानो देखो, पिचासी सम्भव् ब्रव्हे, आवृत्तियों में रत्त हो करके बेटा! पिचासी दिवस तक वह अपने में मानो देखो, निराहार बन गए। मेरे प्यारे! इसी प्रकार उन्होंने **बारह-बारह वर्ष के नौ अनुष्ठान** किए। और पिचासी वर्षों तक उन्होंने तपस्या की, कठोर तप किया। कहीं मानो देखो, जल को त्याग देते थे, कही प्राण सत्ता को अपने में धारण करके कुम्भक चक्र में प्रवेश हो जाते थे, कहीं मानो देखो प्राण के माध्यम से वो ऊर्ध्वा में गतिवान् हो जाते। मेरे प्यारे! देखो, वह ऋषि क्या महान् थे। परन्तु पिचासी वर्षों का इस प्रकार का तप करने के

पश्चात्, वह मुनिवरो! देखो, दो लाख वर्षों के जीवन को ही जान पाए। दो लाख वर्षों का जीवन, दो लाख जीवन उनके कैसे थे। वह अन्तःकरण में बेटा! बीज रूप में विद्यमान थे। परन्तु देखो उन्होंने साक्षात्कार दृष्टिपात करने लगे। मेरे प्यारे! देखो, कहीं वो तपस्वी थे तो कहीं साधारण प्राणी के रूप में विद्यमान थे। मेरे प्यारे! देखो, वृत्तिका मुनि ने पिचासी वर्षों तक तप करने के पश्चात् उन्होंने बेटा! देखो, अपने मानो देखो, उन्होंने दो लाख वर्षों के आवागमन के जीवन को जान पाएँ।

महर्षि वसिष्ठ मुनि महाराज ने कहा, राम! तुम्हें भी इस प्रकार का तप करना है और तपस्या में परणित रहना है। **तप किसे कहते हैं।** तप और अनुष्ठान मानो देखो, इसीलिए कि मानव के जीवन में एक शान्ति की स्थापना हो जाए। और जो हमारे रजोगुण, तमोगुण के द्वारा जो संस्कारों की उपलब्धि हुई है वह संस्कार मानो देखो, वह छिन्न-भिन्न हो जाएँ। ऐसा उद्बुद्ध करने के लिए तो मानव प्रयास करता रहता है। मेरे पुत्रो! देखो, ऋषि ने कहा, सम्भव ब्रहे, ऋषि ने कहा, वसिष्ठ ने हे राम! तुम भी इसी प्रकार अपने जीवन को तपोमय बनाओ। मेरे प्यारे! देखो, वह तपस्या में परणित हो गए।

याग के ऊपर चिन्तन

उन्होंने एक समय बेटा! देखो, महर्षि वसिष्ठ और माता अरुन्धती और राम और वृत्ति, मेरे प्यारे! देखो, ब्रह्मचारी कवन्धि ये विद्यमान हो करके, राम के समीप बेटा! देखो, याग के ऊपर चिन्तन करने लगे। राम ने ये कहा वसिष्ठ से कि तुम याग को जानते हो। उन्होंने कहा, मैं कुछ-कुछ जानता हूँ। मानो याग का इतना विशाल ब्रह्माण्ड है क्या इसको में पूर्णरूपेण नहीं जान पाता। जब मानो देखो, राम ने कहा कि भगवन्! आप क्यों नहीं जान पाते। उन्होंने कहा, ये भयङ्कर वन है और वन में जाने के पश्चात् प्रत्येक वस्तु को नहीं जान सकता। इतना प्रभु का ये संसार रूपी जो याग चल रहा है यह ऐसा विशिष्ट याग है कि इसके ऊपर मैं, देखो अनुसन्धान

करता रहूँ तो मैं, वेद का मन्त्र कहता है, सहस्त्रों वर्षों की आयु भी सूक्ष्म बन जाएँ। मेरे पुत्रो! देखो, जब ये वाक्य उन्होंने कहा तो वे शान्त हो गए। मेरे पुत्रो! देखो, उन्होंने कहा कि याग अपने में बड़ा प्रियतम् कहलाता है। यजमान अपनी यज्ञशाला में विद्यमान है और वो मानो देखो तरङ्गों में तरङ्गित होना चाहता है। वो अग्नि और वेद मन्त्र के द्वारा, मेरे प्यारे! देखो, अग्नि की धाराओं पर वो द्यौ में प्रवेश करना चाहता है। क्योंकि द्यौ में किसलिए प्रवेश करना चाहता है व द्यौ में ही तो शब्द की स्थिति हो जाती है और द्यौ में जहाँ देखो शब्द की स्थिति हुई और शब्द मानो देखो आकार, अङ्कुरित होता हुआ, आकारों के अङ्कुरों को ले करके वह द्यौ में प्रवेश करता रहता है। जितना भी परमात्मा का ब्रह्माण्ड है और ब्रह्माण्ड में जो याग हो रहा है उस याग को वो साक्षात्कार करने लगता है। तो मेरे प्यारे! देखो, मैं इस सम्बन्ध में, ये बड़ा विशाल विज्ञान में, मैं तुम्हें ले जाना नहीं चाहता हूँ। विचार केवल ये कि मुनिवरो! देखो, राम के आश्रम में, भयङ्कर वनों में बेटा! देखो, ऋषि-मुनि आते रहते, चर्चाएँ होती रहतीं और वह मानो देखो तपोमयी चर्चा करते रहते।

महर्षि भारद्वाज मुनि द्वारा प्रभु की महिमा का वर्णन

मेरे पुत्रो! देखो, स्मरण आता रहता है। एक समय बेटा! महर्षि भारद्वाज मुनि के सहित कुछ ब्रह्मचारी थे, वे भ्रमण करते हुए और ब्रह्मचारिणी शबरी भी विद्यमान थी। जब राम तप करने जा रहे थे **"तपोमयी निष्ठः सम्भेव ब्रह्मणाम् ब्रह्मेः क्रतम्।"** बेटा! ये सब उनके समीप पहुँचे, भारद्वाज मुनि के चरणों की वन्दना की और भारद्वाज मुनि के चरणों की वन्दना करते हुए कहा, कहो भगवन्! आज मैं अमृतम् ब्रहे। मेरे प्यारे! देखो, उन्होंने कहा कि वे दर्शनार्थ मानो देखो, तुम्हारे समीप आया हूँ और मैं चाहता हूँ कि देखो अपनी कुछ वार्त्ता प्रगट करो।

राम ने कहा प्रभु! आइए, विराजिए। ब्रह्मचारिणी शबरी के चरणों की वन्दना की और ये कहा कि यह वही ब्रह्मचारिणी शबरी हैं जिन्होंने मुझे राष्ट्र

का, देखो संग्राममू ब्रव्हे, जिन्होंने मुझे अस्त्रों-शास्त्रों की सर्वत्रता का प्रदान किया था। मेरे प्यारे! देखो, विराजमान हो गए, चर्चा होने लगी विज्ञान की, परमात्मा के जगत की चर्चा होने लगी। ब्रह्म की चर्चाएँ होने लगीं कि ये ब्रह्म क्या है। तो राम से ये कहा, भारद्वाज मुनि ने क्या राम एक ऐसा अनूठा मानो देखो विचित्रत्त्व है जो सर्वत्र मालाओं को अपने में धारण किए रहता है। सर्वत्र ब्रह्माण्ड की एक माला है जिस माला को वो अपने में धारण कर रहा है, वो मालामयी कहला रहा है। मानो वह नाना प्रकार के लोक-लोकान्तरों की माला अपने में धारण कर रहा है। मेरे पुत्रो! देखो, जब ये कहा गया **"सम्भवम् ब्रह्मणेः लोकाम् वृत्तिस्तुताः"। ये माला ही तो बेटा! देखो, सर्वत्र ब्रह्माण्ड कहलाता है।** जब ऋषि-मुनि बेटा! विज्ञान के ऊपर अन्वेषण करना प्रारम्भ करते हैं तो एक-एक शब्द में बेटा! ब्रह्माण्ड की एक अनुपम रचना हो रही है, जिसको माता अपने में विचारती रहती है।

मेरे प्यारे! देखो, आज मैं तुम्हें गम्भीरता में नहीं ले जा रहा हूँ। विचार केवल ये प्रगट कर रहा हूँ कि परमात्मा का ये अनूठा जगत है। भारद्वाज मुनि ने कहा है कि मैं अपनी विज्ञानशाला में विचारता रहता हूँ उन अङ्कुरों को, अङ्कुरों को अङ्कुरित करता हुआ, उनका विभाजन करता रहता हूँ। तो एक ब्रह्माण्ड में ही नाना ब्रह्माण्डों का मुझे दर्शन होता रहता है। मेरे प्यारे! राम बड़े प्रसन्न हुए। राम ने कहा, धन्य है ऋषिवर! आप मुझे प्रभु की महिमा का वर्णन करा रहे हो जिससे मेरा अन्तःकरण पवित्र बन जाएगा। और मेरे अन्तःकरण में जो रजोगुण, तमोगुण छा गया है वो समाप्त हो जाएगा। तो मेरे प्यारे! देखो वह राम के समीप नाना ऋषि-मुनियों का आवागमन होता रहता।

ऋषि और ऋषि-पत्नी का विचार-विनिमय

मेरे प्यारे! देखो, मैं जो तुम्हें उच्चारण करना चाहता था बेटा! एक समय माता अरुन्धती और वसिष्ठ मुनि महाराज अपने आश्रम में विद्यमान थे। और वो उच्चारण करने लगीं कि हे प्रभु! हे देव! मैं यह जानना चाहती

हूँ कि भगवन्! क्या ये ब्रह्माण्ड क्या है। जिस ब्रह्माण्ड के मानो देखो निचरले भाग में सब हम विद्यमान हैं और राम के हृदय में भी इस प्रकार की तप करने की जिज्ञासा जागरूक हुई है। हे प्रभु! ये क्या है। तो महर्षि वसिष्ठ मुनि बोले कि हे देवी! ये माला का स्त्रोत कहलाता है। जैसे एक माला, माला-माला में पिरोयी जाती है। जैसे एक वेद का मन्त्र है और वेद मन्त्र को वो उद्गीत रूप में गा रहा है और वेद मन्त्रों का उद्गीत गाता हुआ, एक-दूसरे में माला पिरोयी जाती है। मानो देखो, शब्दों की माला बन रही है। अक्षरों की माला बन रही है और माला को मानो देखो व्याकरण से सजातीय बना दिया है और व्याकरण को मानव के मस्तिष्क से सजातीय बनाया है। और मस्तिष्क के आन्तरिक जगत में जो स्वरों की ध्वनियाँ हो रही हैं इसको **अनाहद** कहते हैं वह उसमें पिरोया हुआ है, वह शब्दों में शब्दों की रचना हो रही है। मेरे प्यारे! देखो, ये कितना विचित्रत्त्व कहलाता है। जब मानव ही अपने में विचारने लगता है कि मैं परमात्मा के राष्ट्र में विद्यमान हूँ। तो मुनिवरो! देखो, भारद्वाज मुनि महाराज कहते हैं, क्या हे प्रभु! ये जो परमात्मा का जगत है, ये अनूठा है। माता अरुन्धती से वसिष्ठ मुनि कहते हैं, क्या देखो, भारद्वाज भी यही कहते हैं और हम भी यही उच्चारण कर रहे हैं। क्या **ब्रह्मवेत्ता** कौन कहलाता है। मेरे प्यारे! माता अरुन्धती ने जब ये कहा कि ब्रह्मवेत्ता कौन है और आपको ब्रह्मवेत्ता क्यों कहते हैं। तो वसिष्ठ मुनि महाराज ने कहा, हे देवी! जो संसार में लिपायमान नहीं होता है वह देखो, ब्रह्म के आङ्गन में रत्त हो जाता है। और जो मानो लिपायमान न हो करके और वह परमात्मा के जगत में ही स्थित हो जाता है वह ब्रह्मवेत्ता कहलाता है। जो मानो देखो अपने में आत्मतत्त्व में गमन कर रहा है। उसी की प्रेरणा के आधार पर जो मानव क्रियाकलापों में परणित रहता है वही ब्रह्मवेत्ता कहलाता है। और उन क्रियाओं में भी जो मानो सूक्ष्मतम परमात्मा का ब्रह्माण्ड निहित रहता है वही मानो ब्रह्मवेत्ता है। तो महर्षि वसिष्ठ मुनि महाराज ने अपनी देवी से जब ये कहा तो **"दिव्यम् भवा ब्रह्मणेः दिव्याम् देवत्वाम् ब्रह्मेः क्रत्व देवताः"**। तो मुनिवरो! देखो,

महर्षि वसिष्ठ मुनि ने कहा, हे देवी! ये जो ब्रह्माण्ड है, इसको जो अङ्गों-उपाङ्गों से जानने वाला है वो ब्रह्मवेत्ता है और वो मानो देखो विज्ञानवेत्ता कहलाता है। और जो ब्रह्मविद्या को, ब्रह्म विज्ञान को और व भौतिक विज्ञान को दोनों को एक सूत्र में ला करके मन के रूप में निश्चित कर लेता है, मानो देखो, वह ब्रह्मवेत्ता कहलाता है।

मेरे प्यारे! माता अरुन्धती ने कहा, प्रभु! ये वसिष्ठ मण्डल है और ये अरुन्धती मण्डल है। इन मण्डलों पर परस्पर वायुमण्डल में देखो क्या समन्वय रहता है। माता अरुन्धती ने जब ये कहा तो वसिष्ठ मुनि महाराज ने ये कहा, क्या हे देवी! ये जो अरुन्धती मण्डल है और वसिष्ठ है, इन दोनों की जब माला बनती है और माता के गर्भस्थल में जब हम जैसे शिशु होते हैं तो दोनों की **सप्तमाह** जब हो जाता है तो उस समय उसकी छाया आती है। और दोनों मण्डलों का एक सूत्र बन करके इसकी जब छाया आती है तो देखो बुद्धि का निर्माण होता है। माता के गर्भस्थल में ही मानो छाया आ रही है और निर्माणवेत्ता निर्माण कर रहा है। परन्तु देखो मेधावी और प्रज्ञावी बुद्धि का निर्माण होता है। मेरे प्यारे! देखो, माता अरुन्धती ने कहा, हे प्रभु! यदि इनकी छाया न आए तो प्रज्ञा बुद्धि नहीं बन पाएगी। माता अरुन्धती ने जब ऐसा कहा तो वसिष्ठ बोले, क्या देखो, प्रज्ञा बुद्धि तो निर्माणित हो सकती है परन्तु देखो, वह जो उनकी छाया है वो भी इसी क्रियाकलाप को करती रहती है। वह भी मानो देखो इसी प्रकार की विज्ञान की तरङ्गों को दे करके तरङ्गित करती रहती है यह निश्चित नहीं है परन्तु देखो, यह सहयोगी बन जाती है।

उन्होंने कहा, प्रभु! ये भी मैंने जान लिया परन्तु मैं यह जानना चाहती हूँ कि चन्द्रमा और सूर्य का परस्पर क्या समन्वय रहता है। उन्होंने कहा, क्या ये परस्पर यह समन्वय रहता है क्योंकि चन्द्रमा अमृत देता है और सूर्य ऊर्ज्जावादी है उस ऊर्ज्जा को वो अमृत बना करके मुनिवरो! देखो इस संसार में परणित कर देता है। मेरे प्यारे! वह प्रभु का विज्ञान कितना अनूठा है।

वसिष्ठ मुनि ने कहा है कि प्रभु का विज्ञान कितना अनूठा है। क्या वो ही चन्द्रमा है और वो ही ऊर्ज्जा ले करके मानो सूर्य से और वो उसको अमृत बना देता है। और उसे ऊर्ज्जा में परणित कर देता है। मेरे प्यारे! वही तो चन्द्रमा है सोम देने वाला है और वह सौम्य कहलाता है। मैं बेटा! इस सम्बन्ध में विशेषता में नहीं जाना चाहता। विचार केवल ये है कि माता अरुन्धती और वसिष्ठ दोनों की विचारधारा।

हमारा उच्चारण करने का अभिप्रायः ये है कि जो अपने गृह को स्वर्ग बनाना चाहता है तो मुनिवरो! पति और पत्नी दोनों जब परस्पर ब्रह्मज्ञान की चर्चा करने लगते हैं तो बेटा! गृह स्वर्ग बन जाता है। क्योंकि बाल्य-बालिका उन्हीं के विचारों को श्रवण करके वो भी उसी प्रकार की आभा में रत्त हो जाते हैं। माता अरुन्धती ने यही तो कहा है, क्या दोनों परस्पर यह चर्चा करें। पति और पत्नी यदि गृह को स्वर्ग बनाना चाहते हैं और स्वर्ग को दृष्टिपात करना चाहते हैं तो बाल्य-बालिका भी उसी प्रकार के विचारों को ले करके जब रमण करते हैं। तो मानो देखो गृह का, गृह पवित्र बन जाता है। गृह में महानता आ जाती है।

अमृत की विवेचना

विचार आता रहता है बेटा! आज मैं तुम्हें विशेषता में तो नहीं ले जा रहा हूँ। तो विचार केवल यह कि देखो हमारे यहाँ दर्शनों का अभ्यस्थ होना चाहिए और देखो ज्ञान और विज्ञान की चर्चाएँ होनी चाहिए जिससे गृह पवित्र बन जाए। तो मेरे प्यारे! देखो, ऋषि कहता है देवी! **''अमृताम् ब्रह्मणेः देवत्वाम्''** तुम अमृत को ग्रहण करने वाली बनो। मेरे प्यारे! देखो, अमृत के ऊपर, उनकी विचारधारा प्रारम्भ होती रहती। अमृत क्या है? उन्होंने कहा, अमृत उसे कहते हैं जो अन्तरात्मा के विचारों को ले करके और मानो अपने में क्रियाकलाप प्रारम्भ कर देता है और उस अमृत को ग्रहण करने लगता है। मेरे प्यारे! देखो, ये वाक्य ऋषि ने जब वर्णन किया माता अरुन्धती मौन हो गयी। उन्होंने कहा, देवी! तुम्हें ये प्रतीत होना

चाहिए परमात्मा का ये एक दूसरा जो जगत दृष्टिपात आता है। मानो देखो, एक दूसरा अमृत दे रहा है। जब मैं विचारता रहता हूँ कि चन्द्रमा देखो, ये बुद्ध मण्डल को अमृत देता है, ये उसमें पिरोया रहता है। और वह बुद्ध मण्डल मुनिवरो! देखो, वह शुक्र में पिरोया हुआ है, वह उसको अमृत देता रहता है। इसी प्रकार लोक-लोकान्तरों की माला बन जाती है और वह माला बन करके मुनिवरो! देखो, एक आकाशगङ्गा के रूप में दृष्टिपात आती है। बेटा! मैं विज्ञान में जाना नहीं चाहता हूँ। केवल तुम्हें ये परिचय देना चाहता हूँ क्या ऋषि-मुनि अपने में कितनी महान् विचारधारा अपने में प्रगट करते रहे हैं। वे अपने मानवीयत्त्व की चर्चा करते रहे।

मेरे प्यारे! देखो, ये विचार-विनिमय करके भगवान् राम ने बारह वर्ष का तप किया और बारह वर्षों तक वो दर्शनों को चिन्तन में लाते रहे। अन्तःकरण जब उनका पवित्रतम बन गया और तपस्या में मुनिवरों! परणित हो गए। तपस्या करते हुए अपने में देखो, इन्द्रियों को मन में समावेश करना और मन को प्राण में समावेश करना और प्राण और मन मिल करके मुनिवरो! देखो, एक चिन्तन होता है जिसको हमारे यहाँ अमृत कहते हैं। वही तो ऋषि-मुनियों का अमृत है बेटा! मेरे प्यारे! देखो, अमृत की विवेचना देते हुए ऋषियों ने बहुत ऊँची वार्त्ता कही। एक वेद मन्त्र का उद्गीत गाया। उन्होंने कहा, **''ब्रह्मणम् ब्रहे क्रतम् रन्धस्सुतम् ब्रहे व्रतम् देवत्वाम् देवस्तुति वर्णस्तुति क्रतम देवाः''।** वेद के आचार्य ने बेटा! इस वाक्य को ले करके और ये कहा कि **''ब्रह्मणम् ब्रह्मेः ब्रह्मणमृते''** जब मानव साधना में परणित होता है, जब तपस्या में परणित होता है मन और प्राण और देखो ये इन्द्रियाँ हैं–ये प्राण और मन, ये सर्वत्र जब एक सूत्र में हो करके, मुनिवरो! ये मानो देखो, त्रिवेणी के स्थान पर जब प्राणों का एक समूह बन करके जब ये देखो ब्रह्मरन्ध्र के स्थान पर ये मानो उससे ऊर्ध्वागति में स्थित देखो, दो नाड़ियाँ होती हैं। उन नाड़ियों का वृत्त होता है, दोनों कृतिका बन करके अपने में गमन करने का समन्वय, बेटा! ब्रह्मरन्ध से होता है और ब्रह्मरन्ध्र से ही मुनिवरो! देखो, यौगिकता में वो अपने में

धारण करके अपने में अमृत को ग्रहण करते हुए वह अमृतमयी बन जाती है। मेरे प्यारे! देखो, विचार आता रहता है वो अमृतः, ऋषि-मुनि जब साधना में परणित करते हैं तो वो देवत्त्व बन जाते हैं और देवता बन करके मुनिवरो! इस सागर से पार हो जाते हैं।

आओ, मेरे प्यारे! मैं तुम्हें विशेष विवेचना देने नहीं आया हूँ। मैं इनमें गम्भीरता में चला गया हूँ बेटा! साधना के क्षेत्र में। परन्तु विचार ये कि भगवान् राम ने अपने में साधनाएँ की हैं और साधना करते हुए मुनिवरो! बारह वर्ष तक उन्होंने अनुष्ठान किया। और वे मिथ्या नहीं उच्चारण करते थे सदैव वो अमृत का पान करते रहे बेटा! भयङ्कर वनों में, प्रभु की आराधना करते हुए व तपोमय जब वन में उनका जीवन तपोमय बन गया।

भगवान् का राज्याभिषेक

तप करने के पश्चात् मुनिवरो! देखो महात्मा वसिष्ठ मुनि महाराज, माता अरुन्धती जब उनके द्वार पर, उन्होंने कहा प्रभु! अब तुम्हारा तप पूर्ण हो गया है। मेरे प्यारे! राम ने कहा प्रभु! ये जो मैंने तप किया है, साधना की है। आपने मुझे जो नृत कराया है प्रभु! मेरी तो राष्ट्रीय इच्छा ही नहीं रही है। मुनिवरो! वसिष्ठ बोले कि हे राम! ये तो तुम्हें राष्ट्र को तो जरूर ही उन्नत बनाना है। क्योंकि **राष्ट्र बिना तपस्वियों के नहीं गति करता है।** यदि राजा तपस्वी नहीं होता है तो राजा के राष्ट्र में तो रक्तभरी क्रान्ति का सञ्चार होता ही रहेगा। मेरे प्यारे! देखो, उन्होंने ये कहा, वसिष्ठ जी ने, क्या हे राम! तुम्हें राष्ट्र का पालन करना बहुत अनिवार्य है। क्योंकि देखो, यदि राष्ट्र में तपस्वी नहीं होते हैं, राजा तपस्वी नहीं होता है, तपस्वियों के द्वारा उसका निर्वाचन नहीं होता है तो एक समय देखो राष्ट्र एक रक्तभरी क्रान्ति बन करके मानव-मानव को नष्ट करने लगता है।

मेरे प्यारे! देखो, वसिष्ठ ने जब ये कहा, राम ने उस राष्ट्र को स्वीकार कर लिया और राम ने स्वीकार करने के पूर्व ये कहा कि मेरे जो प्रिय भरत

है, वो महान् हैं। मानो वो महान् तपस्वी हैं। वसिष्ठ ने कहा कि वो तपस्वी हैं परन्तु उनका तप अपने स्थान पर है, तुम्हारा तप अपने स्थान पर है। मेरे प्यारे! देखो, वह वसिष्ठ और माता अरुन्धती और राम मेरे प्यारे! अयोध्या में पधारे। और राम को देखो, एक दिवस कर दिया है कि अब राम को राजस्थली पर विद्यमान किया जाएगा। मेरे प्यारे! देखो, उसमें निर्वाचन में महर्षि विश्वामित्र और महर्षि वसिष्ठ और ब्रह्मचारी सुकेताम् सुक्त ऋषि महाराज और मेरे प्यारे! देखो, महर्षि भारद्वाज और कवन्धि, ये सर्वत्र आ करके बेटा! राम को राजस्थली पर नियुक्त किया गया। अनन्य ऋषि मुनि और राजा भी थे। मेरे प्यारे! उन्होंने कहा, प्रभु! आप अब निरभिमानता से प्रजा को सुखद और आनन्द की अनुभूति दीजिए। मेरे प्यारे! देखो, राम ने अपने में वो ही क्रियाकलाप करने लगे बेटा! तपस्या में, **"अमृताम् भूतम् ब्रह्माः"।** हमारे यहाँ राष्ट्र प्रणाली बड़ी विचित्र मानी गयी है। तो वेद के आचार्यों ने बेटा! देखो, नियुक्त की और वह तपस्या में परणित हो तपस्या से निवृत्त हो करके वह राष्ट्र की तपस्या करने लगे। मेरे प्यारे! देखो, वह अपने में अपनेपन को ही ध्यानावस्थित करते रहे, विचारते रहे और भरत को अपना सहयोगी बनाया।

माता सीता को प्रेरणा

मेरे प्यारे! देखो, सीता से कहा, देवी! **"सन्तानाम् भूतम् ब्रह्मेः क्रतम्"** तुम्हें सन्तान को उपार्जन करना है। परन्तु उसको सुयोग्य बनाना हमारे राष्ट्रीय प्रणाली में ये नियमावली रही है उस काल में, क्या रघुवंश में, क्या ये महाराजा सगर से ले करके ये प्रणाली चली आ रही है। क्या देखो, माताओं के ये कर्त्तव्य हैं, क्या जन्म देना, उन्हें ब्रह्मविद्या देना और ब्रह्मविद्या के पश्चात् माता ही उन्हें अस्त्रों-शस्त्रों की विद्या प्रदान करती रही हैं। मेरे प्यारे! देखो, एक पुत्र ही था। देखो एक पुत्र को ले करके, द्वितीय पुत्र अधृती हो गया। मेरे प्यारे! देखो, उन्होंने अस्त्रों-शस्त्रों की विद्या महर्षि बाल्मीकि आश्रम में उस विद्या को प्रदान किया।

आज मैं बेटा! इस सम्बन्ध में विशेष तुम्हें चर्चा प्रगट करने नहीं आया हूँ। विचार केवल ये कि मुनिवरो! देखो, राष्ट्रीय प्रणाली बड़ी विचित्रता में गमन करती रही है। ये तपस्या करना और विज्ञान को अपने में धारण करना और दोनों प्रकार के विज्ञान को जान करके उसका एक-दूसरे में समावेश करने का नाम मुनिवरो! देखो, ''विज्ञानात्तम् ब्रह्मेः' उसे विज्ञान कहते हैं।

ये है बेटा! आज का वाक्। आज के वाक्य उच्चारण करने का अभिप्रायः क्या कि हम परमपिता परमात्मा की आराधना करते हुए, देव की महिमा का गुणगान गाते गाते हुए इस सागर से पार हो जाएँ। क्योंकि परमात्मा का जगत बड़ा अनूठा है और वह ज्ञान और विज्ञान मानो देखो उसी की प्रतिभा कहलाती है। ये संसार उसी का ज्ञान और विज्ञान में समन्वय हुआ एक अनुपम जगत है जिसके ऊपर हमें विचार विनिमय करना है। ये है बेटा! आज का वाक्। अब मुझे समय मिलेगा मैं तुम्हें शेष चर्चाएँ कल प्रगट करूँगा।

आज के उच्चारण करने का अभिप्रायः ये कि महान् को तपस्वी बनना चाहिए। मानव को तप में रहना चाहिए और अपने में अपनेपन को ही विचारते हुए मुनिवरो! देखो उद्गीत गाना चाहिए। आज का वाक्य समाप्त, अब वेदों का पठन-पाठन।

''ओ३म् देवाः आभ्याम् रथम् मनाः वायाः''
''ओ३म् यश्शचाहम् गायन्तवा रेवम् आपाः''
''ओ३म् सर्वम् भद्राः''

महर्षि महानन्द मुनि जी–अच्छा भगवन्।
पूज्यपाद-गुरुदेव–आनन्दित रहो।

दिनाँक : 5 अप्रैल, 1990
स्थान : ग्राम भटौला, बुलन्दशहर
उत्तर प्रदेश

॥ ओ३म् ॥

याग की प्रतिभा

जीते रहो!

देखो मुनिवरो! आज हम तुम्हारे समक्ष पूर्व की भाँति कुछ मनोहर वेद मन्त्रों का गुणगान गाते चले जा रहे थे। ये भी तुम्हें प्रतीत हो गया होगा, आज हमने पूर्व से जिन वेद मन्त्रों का पठन-पाठन किया। हमारे यहाँ परम्परागतों से ही उस मनोहर वेद वाणी का प्रसारण होता रहता है जिस पवित्र वेद वाणी में उस परमपिता परमात्मा की महिमा का गुणगान गाया जाता है क्योंकि वे परमपिता परमात्मा अनन्तमयी हैं। और उसका जो ज्ञान और विज्ञान है वो भी अनन्तमयी माना गया है। और जितना भी ये जड़-जगत, चेतन्य-जगत हमें दृष्टिपात आ रहा है उस सर्वत्र ब्रह्माण्ड के मूल में प्रायः वे परमपिता परमात्मा दृष्टिपात आते रहते हैं। क्योंकि प्रत्येक मानव परम्परागतों से ही अन्वेषण करता चला आया है। और उस परमपिता परमात्मा के इस अनूठे जगत के ऊपर वह अपनी विचारधारा को व्यक्त करता रहा है, और मनन करता रहा है कि वह ब्रह्माण्ड क्या है और परमपिता परमात्मा का ये अनूठा जगत कैसा अनुपम है। तो हमारे यहाँ ऋषि-मुनियों ने अपनी-अपनी स्थलियों पर विद्यमान हो करके इस ब्रह्माण्ड को उन्होंने मापने का प्रयास किया। और ये दोनों प्रकार के विज्ञान को जानने के लिए तत्पर रहे। क्योंकि हमारे यहाँ ऋषि-मुनियों के मस्तिष्कों में मानो उस ब्रह्माण्ड को दो प्रकार से उन्होंने मापने का प्रयास किया। एक आध्यात्मिक विज्ञान के द्वारा और द्वितीय भौतिक विज्ञानों के द्वारा। क्योंकि ये दोनों का जगत एक अद्वितीय कहलाता है। क्योंकि प्रत्येक मानव अपने में मानवीयता और अपने में अपनेपन को विचारता रहा है। और एक-एक परमाणुवाद और अणु में प्रवेश करता रहा है। नाना प्रकार के लोक लोकान्तरों में मानो बेटा! अपने में गतिवान् बनाता रहा है और ये विचारता

रहा है कि मैं उस परमपिता परमात्मा के अनन्तमयी जगत को जानता रहूँ। और मैं अपने में आनन्द को अनुभव करना चाहता हूँ। क्योंकि परमात्मा के अनन्तमयी ब्रह्माण्ड को जाने बिना और उसमें अपना समावेश किए बिना मानव को आनन्द की प्रतीति नहीं हुआ करती।

मैंने तुम्हें बहुत पुरातन काल में ये वर्णन करते हुए कहा था कि हमारे यहाँ वास्तव में ये जो ब्रह्माण्ड है ये बड़ा अनन्तमयी है। परन्तु ऋषि-मुनियों की एक बड़ी विचित्र एक देन रही है क्या उन्होंने इस ब्रह्माण्ड को पिण्ड से मानो उसका समन्वय किया। पिण्ड को ब्रह्माण्ड से समन्वय और ब्रह्माण्ड को पिण्ड से समन्वय किया। और उसे जानने के लिए मानो सदैव तत्पर रहे। और व्यष्टि से समष्टि में और समष्टि को मुनिवरो! देखो, वह व्यष्टि में दृष्टिपात करते रहे।

योग

आओ, मेरे पुत्रो! आज मैं तुम्हें विशेषता में नहीं ले जाऊँगा। केवल अपना मन्तव्य प्रगट कर रहा हूँ। कुछ परिचय देने के लिए चले आए हैं। क्योंकि हमारे यहाँ नाना प्रकार की मालाओं का वर्णन आता रहा है। मेरे पुत्रो! नाना प्रकार की ये जो मालाएँ हैं और जिन मालाओं को धारण करता हुआ मानव अपने में हर्ष ध्वनि करता रहा है। मानो ये जो ब्रह्माण्ड है अथवा मानव समाज है या प्राणी मात्र को हम कल्पित करते रहते हैं। तो मुनिवरो! एक-दूसरे के लिए मानव अपने में कटिबद्ध हो रहा है। अपने में एक-दूसरे में पिरोया हुआ सा दृष्टिपात आता है। हमारे यहाँ योग को साधना में मानव प्रवेश होने लगता है तो बेटा! देखो, **योग कहते हैं मिलन को।** हम किसी से अपना मिलन चाहते हैं और बिना मिले मुनिवरो! देखो, मानव को एक-दूसरे की जानकारी नहीं होती। और जब एक-दूसरा मानो देखो, मिलन में परणित हो जाता है, उनका, दोनों का समावेश हो जाता है तो वही समावेशता मुनिवरो! देखो, मानव को मानवीय क्षेत्र में प्रवेश कर देती है। और वही माला बन करके बेटा! देखो पिण्ड और ब्रह्माण्ड को

मापने लगते हैं। तो आओ, मुनिवरो! देखो आज मैं तुम्हें विशेष चर्चा नहीं प्रगट करने जा रहा हूँ।

ब्रह्माण्ड की नाभि

मुझे स्मरण आता रहता है—आज के हमारे वैदिक पठन-पाठन में जहाँ नाना प्रकार की वार्त्ताएँ, वहाँ एक याग का प्रकरण भी आया। मैंने तुम्हें कई काल में ये वर्णन करते हुए कहा कि ऋषि-मुनियों ने इस याग के सम्बन्ध में बहुत-सा चिन्तन किया और मनन किया है और इस मानो देखो, याग को ब्रह्माण्ड की नाभि के रूप में वर्णन किया गया है। क्योंकि ये नाभि है और जैसे मानव के शरीर में एक नाभि है इसी प्रकार मानो देखो, इस पृथ्वी की नाभि भी याग कही गयी है। और मुनिवरो! जैसे माता के शरीर में नाभि है और नाभि से ही शिशु नाना प्रकार के रसों का स्वादन कर रहा है और वह अपने में ग्रहण कर रहा है। इसी प्रकार ये जो यज्ञशाला है ये अग्नि का मुख है और अग्नि के मुखारबिन्दु में हम जो साकल्य प्रदान करते हैं अथवा चरू प्रदान करते हैं तो मुनिवरो! देखो वह अग्नि का मुख ही मुनिवरो! देखो, देवताओं की, इस ब्रह्माण्ड की नाभि कहलाता है। ये तेजोमयी कहलाता है।

आओ, बेटा! आज मैं तुम्हें एक ऋषि के आसन पर ले जाना चाहता हूँ। बेटा! एक समय कुछ जिज्ञासुजन महर्षि शिकामकेतु उद्दालक के यहाँ पहुँचे। और महर्षि शिकामकेतु उद्दालक और उनकी पत्नी मानो देखो याग सम्पन्न करने के पश्चात् कुछ विचार-विनिमय कर रहे थे। क्योंकि जिज्ञासु उनके समीप पहुँचे थे। जिज्ञासुओं ने कहा, क्या हे प्रभु! हम ये जानना चाहते हैं कि **''अमृतम् ब्रह्म क्रतम्''** मानो देखो, अमृत क्या है संसार में। और पृथ्वी की नाभि क्या है और ब्रह्माण्ड का सूत्र क्या है। तो ये तीन प्रश्न मुनिवरो! देखो जिज्ञासुओं ने किए। मेरे पुत्रो! मुझे स्मरण आता रहा है क्या महर्षि शिकामकेतु उद्दालक ने इसका उत्तर देते हुए कहा, क्या ये जो मानो देखो, ब्रह्माण्ड है, ये जो पृथ्वी की नाभि है ये याग है। मानो यज्ञशाला ही पृथ्वी की नाभि है। और उन्होंने द्वितीय रूप में कहा **''सम्भवे ब्रह्मणम्**

ब्रह्मा क्रतम् देवाः'' मानो देखो, यह ''अग्रताम् दिव्यम् ब्रव्हाः'' ब्रह्माण्ड की जो भी नाभि है वो भी याग है। परन्तु देखो, ये जो ब्रह्माण्ड का सूत्र है। ये **प्रणव** कहा गया है। मानो यही ब्रह्माण्ड को अपने में धारण किए रहता है। जैसे माला है, माला में भिन्न-भिन्न प्रकार के मनके हैं। परन्तु देखो, वह जो भिन्न-भिन्न मनके हैं वो ''सूत्रम् ब्रह्मा'' वे इस सूत्र में पिरोने से माला बन जाती है। जैसे मुनिवरो! देखो, आचार्यकुल में जब ब्रह्मचारी अध्ययन करता है तो अध्ययन करता हुआ मानो देखो गुरु और शिष्य के मध्य में जो एक सूत्र बना हुआ है। मेरे प्यारे! देखो, उनके ज्ञान रूपी जो शब्द हैं और शब्दों की मुनिवरो! देखो, माला बन जाती है वो सूत्र में पिरोयी हुई रहती है।

मेरे पुत्रो! देखो, शिकामकेतु उद्दालक ने कहा, क्या ये मानो देखो, हमारे विचार में ये आता है, क्या देखो ये जो नाभि का प्रसङ्ग है, ये बड़ा विचित्र है। माता की नाभि है। परन्तु देखो माता के गर्भस्थल में शिशु पनप रहा है। परन्तु देखो, नाभि के द्वारा ही रसों का आदान-प्रदान हो रहा है और वही रसों को नदियों के द्वारा पान करता हुआ अपने में ग्रहण कर रहा है। तो मानो देखो, ये नाभि है और यज्ञम् भविताम्, वो भी यज्ञशाला के रूप में परणित रहती है। मेरे पुत्रो! देखो, जब पृथ्वी का चयन आता है उस समय परमपिता परमात्मा ब्रह्मा है, आत्मा यजमान है। और ये पञ्च महाभूत, मानो कोई इनमें होता है, कोई उद्गाता है, कोई अध्वर्यु बन करके बेटा! वो याग प्रारम्भ हो रहा है। तो विचार आता रहता है **''यागाम् भवितम् ब्रह्माः वर्णम् ब्रह्मेः क्रतम् देवाः''** मेरे पुत्रो! देखो वही तो अपने में अपनेपन को विचार रहा है और नाभि नाभ्याम् क्या वो यज्ञशाला के रूप में याग हो रहा है। और तो मुनिवरो! देखो, ब्रह्माण्ड की नाभि बन करके उसको गति दे रहा है।

अग्नि के स्वरूप

आओ, मेरे प्यारे! मैं इस सम्बन्ध में विशेष चर्चा तुम्हें प्रगट करने नहीं आया हूँ। विचार ये चल रहा है, क्या मुनिवरो! देखो, शिकामकेतु उद्दालक के यहाँ ब्रह्मचारी ने, जिज्ञासुओं ने ये प्रश्न किया और वह अपने में मौन हो

